जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2020/363

दिनांक : 10.06.2020

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक
समस्त शासकीय अग्रणी महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाएं
सम्बद्ध, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय :- समस्त छात्रों के WH एवं ATKT के परीक्षा परिणाम प्राप्त छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र अपडेट करने हेतु लिंक प्रदान करने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषय में लेख है कि यदि आपके अधिकार क्षेत्र के समस्त अग्रणी शासकीय महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिए महाविद्यालय की **G2G** आई.डी. पर एक लिंक उपलब्ध करायी जा रही है जिसके माध्यम से आप अपने अधिकार क्षे के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के ऐसे छात्र जिनका परीक्षा परिणाम **WH एवं ATKT है, के परीक्षा आवेदन पत्र आपके महाविद्यालय से ही अपडेट कर भरवाये** जा सकेंगे।

इस लिंक के द्वारा समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय अपने परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते हैं। इसके लिए निम्न दिशा निर्देश आपको प्रदान किए जा रहे हैं।

1. ऐसे विद्यार्थी जिनके पिछले सत्र के परीक्षा परिणाम किन्ही कारणों से **WH में पड़े हुए है जिसमें सुधार करवाने हेतु छात्रों को विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर सुधार करवाना पड़ता है। उन्हें इस लिंक के माध्यम से आपके द्वारा ही अपडेट कर परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जा सकेंगे।**
2. ऐसे विद्यार्थी जिनका परीक्षा आवेदन पत्र पिछले साल न भर पाया हो और एक या एक से अधिक वर्ष का अंतराल हो गया हो तथा जिन्हें अंतराल अवधि के उपरान्त परीक्षा आवेदन पत्र भरने की पात्रता हो। ऐसे छात्रों की रिजल्ट की प्रविष्टि गैप के माध्यम से लिंक से की जा सकेगी तथा परीक्षा आवेदन पत्र एक्स के रूप में भरा जा सकेगा।

विशेष नोट :-

1. **इस लिंक का उपयोग करते समय एक ओ.टी.पी. नम्बर रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर प्राप्त होगा। जिसको डालने के उपरान्त ही इस लिंक का उपयोग किया जा सकेगा। इस ओ.टी.पी. नम्बर का उपयोग 03 घण्टे तक वैध रहेगा। इस अवधि के उपरान्त यदि इसमें कार्य करेंगे तो पुनः ओ.टी.पी. जनरेट करना पड़ेगा।**
2. **प्रत्येक महाविद्यालय के प्राचार्यों को यह निर्देश है कि छात्र की अंकसूची देखने के उपरान्त ही रिजल्ट डाटा अपडेट किया जावे एवं छात्रों की समस्त अंकसूचियां परीक्षा आवेदन पत्र के संलग्न कर विश्वविद्यालय में जमा करें।**

पत्र सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर प्रेषित है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
2. सहायक/उप-कुलसचिव (गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

उप कुलसचिव (परीक्षा)